https://www.cgboardonline.com

कोड - 006

प्री-बोर्ड परीक्षा 2019 - 20

कक्षा- बारहवीं | विषय - अर्थशास्त्र

समय - 3.00 घंटे | पूर्णांक - 80

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

प्रश्न क्र. 1 से 8 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 9 से 12 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है ।शब्द सीमा 50 शब्द

प्रश्न क्र. 13 से 18 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है ।शब्द सीमा 75 शब्द

प्रश्न क्र .19 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 6 अंक निर्धारित है शब्द सीमा 250 शब्द

प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है ।

प्रश्न 1. मूल्य एवं मांग में क्या संबंध होता है ?

प्रश्न 2. विशिष्ट बाजार से क्या आशय है ?

प्रश्न 3. ATM का पूरा नाम लिखिए ।

प्रश्न 4. भारत में एक रुपये के नोट पर किसके हस्ताक्षर होते हैं ?

प्रश्न 5. रेल बजट संसद में किसके द्वारा पेश किया जाता है ?

प्रश्न 6. बजट की अवधि कितने वर्ष की होती है ?

प्रश्न 7. किसी देश के आयातों एवं निर्यातों के अंतर को क्या कहते हैं ?

प्रश्न 8. भुगतान संतुलन का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 9. उत्पादन फलन की संकल्पना को समझाइये ।

प्रश्न 10. 'वस्तु विभेद एकाधिकार प्रतियोगिता की कसौटी है ।' सिद्ध कीजिए ।

प्रश्न 11. प्रभावी मांग का सिद्धांत क्या है ?

प्रश्न 12. पूर्ण रोजगार से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 13. अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याएँ लिखिए । (कोई चार)

अथवा

व्यष्टि अर्थशास्त्र की चार सीमाएं लिखिए ।

प्रश्न 14. उत्पादन फलन की चार विशेषताएं लिखिए ।

अथवा

अवसर लागत का महत्व लिखिए । (कोई 4)

प्रश्न 15. निम्न आंकड़ों से आय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय की गणना कीजिए ।

	मदें	रु. करोड़ में
(1)	वेतन व मजदूरी	30,000
(2)	लाभ	10,000
(3)	ब्याज	15,000
(4)	किराया	10,000

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

(5)	विनियोग	4,000
(6)	मूल्यह्रास	5,000

अथवा

सकल घरेलू उत्पाद और सकल राष्ट्रीय उत्पाद में अंतर स्पष्ट कीजिए । (कोई 4)

प्रश्न 16. केन्द्रीय बैंक के प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए । (कोई 4)

अथवा

रिजर्व बैंक आफ इंडिया की स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए । (कोई 4)

प्रश्न 17. बजट घाटे का अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

अथवा

खुली अर्थव्यवस्था एवं बंद अर्थव्यवस्था में अंतर स्पष्ट कीजिए । (कोई 4)

प्रश्न 18. व्यापार संतुलन एवं भुगतान संतुलन में चार अंतर बताइये ।

अथवा

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लाभों का वर्णन कीजिए । (कोई 4)

प्रश्न 19. सीमांत उपयोगिता एवं कुल उपयोगिता को तालिका एवं रेखा चित्र द्वारा समझाइये ?

अथवा

मांग के लोच का महत्व लिखिए । (कोई 6)

प्रश्न 20. उदासीनता वक्रों की प्रमुख विशेषताएं लिखिए ? (कोई 6)

अथवा

मांग के नियम के अपवादों को लिखिए ? (कोई 6)

प्रश्न 21. स्थिर लागत एवं परिवर्तनशील लागत में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

अल्पकाल एवं दीर्घकाल की अवधारणाओं को स्पष्ट कीजिए । तथा औसत उत्पाद एवं सीमांत उत्पाद में संबंध बताइये ।

प्रश्न 22. क्या पूर्ण प्रतियोगिता काल्पनिक है । कारण लिखिए ?

अथवा

'एकाधिकारी बेताज बादशाह या बिना मुकुट का राजा होता है ।' सिद्ध कीजिए ?

प्रश्न 23. भारत की राष्ट्रीय आय की वृद्धि हेतु आवश्यक सुझाव दीजिए ? (कोई 6)

अथवा

राष्ट्रीय आय की गणना में आने वाली कठिनाइयों को लिखिए ? (कोई 6)

प्रश्न 24. कीन्स की आय एवं रोजगार सिद्धांत की आलोचना लिखिए ? (कोई 6)

अथवा

उपभोग फलन का अर्थ बताइये । तथा इसका महत्व लिखिए ?

---00--

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com